# हिन्दी भाषा HINDI LANGUAGE - 2017 ANNUAL

*Time : Three Hours]* *[Maximum Marks : 75*

*[Minimum Pass Marks : 26*

**नोट:** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

### इकाई-1

(अ) निम्नलिखित में से किसी एक उचित का पल्लवन कीजिए:

(i) सबै दिन जात न एकसमान।

(ii) विपत्तियाँ मनुष्य की सर्वश्रेष्ठ गुरु है।

(iii) पर उपदेश, कुशल बहुतेरे। **अथवा**

अनुवाद का अर्थ लिखते हुए बताइये कि स्त्रोत भाषा एवं लक्ष्य भाषा में अंतर है।

(ब) सम्पादक के नाम एक ध्यानाकर्षण पत्र लिखिए जिसमें आपके मुहल्ले की खराब सड़कों की मरम्मत किए जाने का ध्यान सम्बन्धित अधिकारियों को दिलाया जाए। **अथवा**

निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए :

(i) Chairman (ii) Tracer (iii) Auditor General (iv) Supervisor

(v) Evidence (vi) Writ (vi) Digit

### इकाई-2

(अ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) आँच न आना (ii) ईंट से ईंट बजाना (iii) चेहरे का रंग उड़ना

(iv) झक मारना (v) लकीर पीटना (vi) हाथ धो बैठना **अथवा**

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए:

(i) कई रेलवे कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई। (ii) ये बातें केवल दिखावा भर थीं।

(iii) इस समस्या का कोई उपाय नहीं है। (iv) पूज्यनीय पिताजी को प्रमाण।

(v) आप खाना खाने आ जाओ। (vi) सबों ने यही राय दी।

(vii) वृक्ष में फल लगे है। (viii) तुम शायद यह काम जरूर कर सकते है।

(ब) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द (प्रत्येक के दो) लिखिए:

(i) कमल (ii) चन्द्रमा (iii) बादल (iv) वायु (v) तालाब

(vi) पत्नी (vii) जंगल **अथवा**

निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं सात शब्दों के अर्थ लिखिए:

(i) अंस (ii) अंश (iii) आदि (iv) आदी (v) छात्र (vi) क्षात्र

(vii) तरणी (viii) तरणि (ix) चषक (x) चसक

### इकाई-3

(अ) देवनागरी के प्रारम्भिक स्वरूप पर प्रकाश डालिए। **अथवा**

देवनागरी की वैज्ञानिकता सिद्ध करने के लिए किन्हीं आठ गुणों को लिखिए।

(ब) मानक भाषा, उपमानक भाषा और अमानक भाषा क्या है ? सोदाहरण समझाइये। **अथवा**

मानकीकृत भाषा के प्रमुख लक्षणों पर प्रकाश डालिए।

### इकाई-4

(अ) 'कम्प्यूटर और हिन्दी' पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए। **अथवा**

सूचना प्रौद्योगिकी के घटकों का वर्णन कीजिए।

(अ) निम्नलिखित 'पदनामों' के अंग्रेजी रूप लिखिए : (कोई सात)

(i) राजदूत (ii) सभापति (iii) मुख्य सचिव (iv) संयोजक
(v) प्रभारी (vi) परिचारिका (vii) कुल सचिव (viii) परिवीक्षाधीन
(ix) सर्वेक्षक (x) सम्पादक

अथवा

निम्नलिखित पदनामों के रूप लिखिए (कोई सात) :

(i) Advocate (ii) Controller (iii) Constable (iv) Doctor
(v) Judge (vi) Project Officer (vii) Stenographer
(viii) Speaker (ix) Supdt. of policy

## इकाई-5

(अ) संक्षेपण क्या है ? संक्षेपण करते समय किन-किन बातों से बचना चाहिए ? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

मनुष्य के जीवन में सर्वत्र प्रकाश नहीं है, अंधकार भी है। मनुष्य में जैसे क्षमता है, वैसे ही दुर्बलता भी। मनुष्य का पतन हो सकता है, इसीलिए उसके उत्थान-पतन दृष्टिगोचर होते है। हिन्दी के कितने विद्वान मनुष्य-जीवन के अंधकार मय भाग को साहित्य में देखना नहीं चाहते। पाप की वीभत्स लीलाओं को वे साहित्य में से दूर की रखना चाहते है, परंतु जीवन की पूर्णावस्था प्राप्त करने के लिए हमें अपूर्णावस्था के भीतर से होकर ही जाना पड़ेगा। मनुष्य की क्षमता यही है कि वह उच्चतम अवस्था प्राप्त करके भी भ्रष्ट हो सकता है। दुराचारियों की जिन वीभत्स कृतियों से हमारा चित्त उद्विग्न हो उठता है, वे भी जीवन की एक अव्यवस्था की सूचना देने के लिए आवश्यक है। मनुष्य के लिए अध:पतन की पराकाष्ठा जितनी सच्ची है, उतना ही सच्चा अभ्युत्थान भी। यही कारण है कि जिन विश्व के कवियों ने हमें जीवन की उच्चतम अवस्था दिखलाई है उन्होंने जीवन की निम्नतम अवस्था की भी उपेक्षा नहीं की। यही नहीं, उन्होंने श्रेष्ठ चरित्रों में भी मनुष्य की स्वाभावित दुर्बलता प्रदर्शित कर दी है।

उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए एवं उसका सारांश एक तिहाई भाग में लिखिए।

(ब) संक्षेपण के महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

अथवा

निम्नलिखित संक्षिप्त शब्दों के पूर्ण रूप लिखिए (कोई सात) :

(i) भि.इ.सं (ii) र.शं.शु.वि.वि (iii) भा.रा.छा.सं. (iv) डी.यू. (v) के.औ.सु.ब.
(vi) छ.ग. (vii) रा.वि.प्रा. (viii) लो.से.आ. (ix) इग्नू

http://prsuonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Your old paper & get 10/-
पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से